JALAUN POLICE

दिनांक – 05.06.2026

थाना डकोर पुलिस टीम द्वारा 04 गांजा तस्करों को तीन अदद ट्रॉली बैग व एक अदद पिट्ठू बैग जिसमें 24 किलो 715 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण व परिवहन एवं नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना डकोर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान दिनांक 05.06.2026 को गांजा तस्कर अभियुक्तगण 1.राहुल पुत्र जय सिंह कुशवाहा निवासी मोहल्ला खंडेराव कोतवाली जालौन जनपद जालौन 2. रवि कुमार पुत्र संतोष रैकवार निवासी ग्राम छेवटा थाना समधर जनपद झांसी 3. दीपक पुत्र श्री कृष्ण कुशवाहा निवासी मोहल्ला शिवपुरी कोतवाली उरई जनपद जालौन 4. अभिषेक पुत्र दुलीचन्द्र कुशवाह निवासी मोहल्ला शिवपुरी कोतवाली उरई जनपद जालौन को 03 अदद ट्रॉली बैग व 01 अदद पिट्ठू बैग जिसमें 24 किलो 715 ग्राम अवैध गांजा व 930 रूपये नगद तथा 03 अदद एण्ड्रॉयड मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना डकोर में मु0अ0सं0 70/2026 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण–

1. राहुल पुत्र जय सिंह कुशवाहा उम्र करीब 24 वर्ष निवासी मो0 खंडेराव कोत0 जालौन जनपद जालौन
2. रवि कुमार पुत्र संतोष रैकवार उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम छेवटा थाना समधर जनपद झांसी
3. दीपक पुत्र कृष्ण कुशवाहा उम्र करीब 26 वर्ष निवासी मो0 शिवपुरी कोत0 उरई जनपद जालौन
4. अभिषेक पुत्र दुलीचन्द्र कुशवाह उम्र करीब 21 वर्ष निवासी मो0 शिवपुरी कोत0 उरई जनपद जालौन

अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

बरामदगी का विवरण-

1. तीन अदद ट्रॉली बैग व एक अदद पिट्ठू बैग जिसमें मे 24 किलो 715 ग्राम अवैध गांजा
2. 930/- रूपये नगद
3. 03 अदद एण्ड्रॉयड मोबाइल

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक थाना डकोर मय पुलिस टीम